दैनिक भास्कर

बिलासपुर भास्कर 23-06-2025

# सीजे सिन्हा ने अतिथि गृह निर्माण स्थल का किया निरीक्षण



निरीक्षण के दौरान अफसरों से जानकारी लेते सीजे सिन्हा।

**बिलासपुर|** चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने शनिवार को रायपुर के सिविल लाइंस में उच्च न्यायालय न्यायाधीश अतिथि गृह के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कार्य समय और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ में न्यायिक अधोसंरचना को और मजबूत बनाने की दिशा में एक अहम कदम के तहत हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने शनिवार को सिविल लाइन्स, रायपुर स्थित न्यायाधीश अतिथि गृह निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान सीजे ने निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए परियोजना की गुणवत्ता, संरचनात्मक मजबूती और समय सीमा में कार्य पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कार्य में गति बनाए रखने के साथ-साथ सुरक्षा और स्थायित्व मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। यह प्रस्तावित अतिथि गृह राज्य में आने वाले न्यायाधीशों एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों के लिए आधुनिक एवं सुविधाजनक आवासीय सुविधा उपलब्ध कराएगा। निरीक्षण के दौरान हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल, विधि विभाग के प्रमुख सचिव, रायपुर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता सहित प्रशासन एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।